परीक्षा नियंत्रक

Controller of Examination

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर–273009 (उ0प्र0) भारत

Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University,
Gorakhpur-273009 (U.P.) India
Accredited A++ by NAAC
Website://ddugu.ac.in

पत्रांकः 777 / प0नि0का0 / 2024

दिनांक 03 / 04 / 2024

अधिसूचना

माननीया कुलपति जी के आदेश दिनांक 01 / 04 / 2024 के आदेश के अनुपालन में मुझे सभी सम्बन्धित से यह कहने का निर्देश हुआ है कि सत्र 2021–22 एन0ई0पी0 के तहत प्रवेशित परीक्षार्थियों, जिनका किसी न किसी सेमेस्टर में प्रयोगिक / मौखिकी परीक्षा में अनुपस्थित अथवा अनुतीर्ण होने के कारण परीक्षा परिणाम पूर्ण नही हो पा रहा है। ऐसे परीक्षार्थी जो अपने पाठ्यक्रम में अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षा के पश्चात, पूर्व के अनुतीर्ण / अनुपस्थित सेमेस्टर के सम्बन्धित प्रश्नपत्र जिसमें उनका प्रायोगिक / मौखिकी परीक्षा के अंक अपूर्ण हैं अथवा अनुपस्थिति दर्ज है। ऐसे छात्र–छात्राओं को अपने छूटे हुए प्रायोगिक / मौखिकी परीक्षा हेतु नियमानुसार निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा करते हुए परीक्षा फार्म पूरित करेंगे, तत्पश्चात सम्बन्धित विभाग से सम्पर्क करके अपनी सम्बन्धित विषय की प्रयोगिक / मौखिकी परीक्षा को पूर्ण करा सकेंगे। यह व्यवस्था केवल ऐसे छात्र–छात्राओं के लिए की जा रही है, जो वर्तमान सत्र में अपने पाठ्यक्रम के अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं अथवा अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षा दे चुके हैं, किन्तु पूर्व के किसी सेमेस्टर में प्रायोगिकी / मौखिकी के अंको के अभाव में उनको अपना पाठ्यक्रम पूर्ण किये जाने में बाधा है। उपरोक्तानुसार प्रायोगिकी / मौखिकी परीक्षा केवल विश्वविद्यालय के सम्बन्धित विभागों में ही सम्पन्न होगी।

भवदीय

/

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष, दी0द0उ0गो0वि0वि0, गोरखपुर।
2. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, दी0द0उ0गो0वि0वि0, गोरखपुर।
3. अधीक्षक, परीक्षा गोपनीय, दी0द0उ0गो0वि0वि0, गोरखपुर।
4. प्रभारी, एजेन्सी, इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय की लॉगिन पर अपलोड करने का कष्ट करें। तथा उपरोक्तानुसार व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने का कष्ट करें।
5. वै0सहायक, कुलसचिव।
6. प्रभारी, सचिव कुलपति, माननीया कुलपति जी के सूचनार्थ।

03/04/2024

परीक्षा नियंत्रक

3/4/24
3:00 P.M.

E:\Exam-2024\8-Note & Letter\2-Letter\Controller pad without name\4 Pad without name-new.docx